# सेंट एंड्रयूज़ स्कॉट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल

९वीं एवेन्यू, आई.पी.एक्सटेंशन, पटपड़गंज,दिल्ली –११००९२

सत्र: २०२५ - २०२६

| कक्षा:-पाँचवीं | हिंदी व्याकरण: | पाठ: संज्ञा |
|---|---|---|

**परिभाषा:-किसी व्यक्ति, वस्तु , अथवा भाव के नाम को संज्ञा कहते हैं।**

**जैसे -राम, रामायण , किताब , ,कानपुर ,लखनऊ , मित्रता ,बुढ़ापा आदि**

**संज्ञा के भेद:- संज्ञा के तीन भेद होते हैं।**

**१-व्यक्तिवाचक संज्ञा**

**२-जातिवाचक संज्ञा**

**३-भाववाचक संज्ञा**

**(१)व्यक्तिवाचक संज्ञा- जो संज्ञा शब्द किसी विशेष व्यक्ति , वस्तु, प्राणी अथवा स्थान का बोध कराते हैं उन्हें व्यक्तिवाचक संज्ञा कहते हैं।**

****<u>गंगा भारत</u> की पवित्र नदी है।**

**** <u>ताजमहल आगरा</u> में स्थित है।**

**(२)जातिवाचक संज्ञा- जो संज्ञा शब्द किसी व्यक्ति, वस्तु ,स्थान अथवा प्राणी की संपूर्ण जाति अथवा समूह का बोध कराते हैं उन्हें जातिवाचक संज्ञा कहते हैं।**

****<u>बच्चे</u> दूध पीते हैं।**

****<u>गाय</u> घास खा रही है।**

(३)भाववाचक संज्ञा-जो संज्ञा शब्द किसी व्यक्ति , वस्तु, प्राणी या स्थान के भाव गुण- दोष, दशा आदि का बोध कराते हैं उन्हें भाववाचक संज्ञा कहते हैं।

**मोटापा बीमारी है।

**ठंडा जल शीतलता प्रदान करता है।